07/25/01/19

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,फैजाबाद(उ0प्र0)DR. RAM MANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY,FAIZABAD(U.P.)

पत्रांक संख्याः लो0अ0वि0/ गो0वि0/ 8742 /2019 दिनांकः 25.01.2019

सेवा में,

<u>सर्वोच्च प्राथमिकता</u>

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद।

विषय– वर्ष–2019 की प्रायोगिक परीक्षाएं सम्पन्न कराकर प्रायोगिक अंक आनलॉइन व्यवस्था के अर्न्तगत फीडिंग करते हुए अपलोड करने हेतु बैठक के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में सूच्य है कि वर्ष–2019 की मुख्य परीक्षाओं में डिजिटल डाटा प्रोसेसिंग के अर्न्तगत प्रायोगिक परीक्षाओं को सम्पन्न कराते हुए परीक्षा तिथि के दिन ही प्रायोगिक परीक्षा के अंको का विश्वविद्यालय के आनलॉइन पोर्टल पर फीडिंग/अपलोड किया जाना है। उक्त व्यवस्था के सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग तथा महाविद्यालय विकास परिषद के संयुक्त संयोजन में डिमान्ट्रेशन सहित वर्ष–2019 की परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय के **स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह** में **कम्प्यूटर डाटा प्रोसेसिंग डेमो वर्कशाप** का आयोजन दिनांक– 29.01.2019 को प्रातः 11.00 बजे सम्पन्न होना सुनिश्चित है।

अतः आदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि उक्त निर्धारित तिथि तथा समय पर महाविद्यालय के **टेक्निकल/कम्प्यूटर सहायक के साथ अनिवार्यतः** उपस्थित होने का कष्ट करें, जिससे आप द्वारा वर्ष–2019 की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए प्रायोगिक अंको को आनलॉइन पोर्टल पर फीडिंग/अपलोड कर प्रेषित किये जाने का कार्य सुगमता से हो सके।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)।
3. सहायक कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)।
4. प्रोग्रामर, को इस निर्देश के साथ कि उपर्युक्त सूचना महाविद्यालयों के पोर्टल पर प्रेषित किये जाने के साथ–साथ विश्वविद्यालयीय वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक